दिन– मंगलवार दिनांक– 09 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विकसित भारत जी राम जी योजना बिहार–दो हजार छब्बीस प्रदेश में एक जुलाई से लागू होगी। राज्य मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी।

02. लोकभवन ने नये डिग्री महाविद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की बहाली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी।

03. वैश्विक बिहारी समुदाय को निवेश और नवाचार से जोड़ने के लिए विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म की आज होगी शुरूआत।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में तेज गर्मी और उमस से जन जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में और बढ़ेगी गर्मी।

———————————————————————————

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत जी राम जी योजना एक जुलाई से लागू होगी। राज्य मंत्रिमंडल ने विकसित भारत जी राम जी योजना बिहार दो हजार छब्बीस को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि योजना के तहत एक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों की विस्तारित रोजगार गारंटी प्रदान की जायेगी।

———साउंड बाईट———

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू करने की भी मंजूरी दे दी है। यह योजना राज्य सफल सहायता योजना के स्थान पर लागू होगी। अपर मुख्य सचिव श्री चौधरी ने बताया कि राज्य में रबी फसल दो हजार छब्बीस–सत्ताईस सत्र के लिए इस योजना को मंजूरी दी गयी है।

———साउंड बाईट———

इधर, कैबिनेट ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन मापी के शुल्क को दो गुना कर दिया है। नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित रैयती भूमि की मापी के लिए प्रति खेसरा न्यूनतम दो हजार रूपये और अधिकतम आठ हजार रूपये लगेंगे। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति खेसरा न्यूनतम एक हजार रूपये और अधिकतम चार हजार रूपये लगेंगे। कैबिनेट में कुल पच्चीस प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है।

———————————————————————————

राज्य में नये डिग्री महाविद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की बहाली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गयी है। लोकभवन से जारी आदेश में कहा गया है कि नये दिशा–निर्देश तय होने तक प्रखंडों में स्थापित होने वाले डिग्री कॉलेजों में अतिथि शिक्षकों के चयन अथवा नियोजन की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। राज्यपाल सचिवालय के अपर सचिव संजय कुमार की ओर से जारी पत्र के अनुसार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नई प्रक्रिया की रूपरेखा विभागीय स्तर पर विचाराधीन है। गौरतलब है कि प्रदेश के दो सौ ग्यारह डिग्री महाविद्यालयों में इस वर्ष एक जुलाई से सत्र की शुरूआत होगी। वहीं, राज्य सरकार ने संस्कृत शिक्षा और मदरसा बोर्ड में भी नई नियुक्तियों पर रोक लगा दी है।

———————————————————————

विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। विधानसभा में दलों के संख्या बल के अनुसार सभी प्रत्याशियों की जीत तय मानी जा रही है। ग्यारह जून को नाम वापसी के दिन सभी प्रत्याशियों की जीत की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है। वर्तमान विधान परिषद चुनाव में प्रत्येक प्रत्याशी को जीत के लिए पच्चीस–पच्चीस मत की आवश्यकता है। एनडीए के पास दो सौ एक मत हैं, जिससे उनके आठ प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हैं। जबकि महागठबंधन के पास छत्तीस मत उपलब्ध हैं, जिससे एक सीट पर उसकी जीत निश्चित है। एक अन्य सीट पर उपचुनाव होना है, जिसमें एनडीए की जीत तय है।

———————————————————————

राज्य सरकार वैश्विक बिहारी समुदाय को प्रदेश के विकास, निवेश और नवाचार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत कर रही है। सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा आज पटना स्थित टेक्नोलॉजी भवन में इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करेंगे। सूचना प्रावैधिकी विभाग के अनुसार यह प्लेटफॉर्म देश–विदेश में बसे बिहार मूल के लोगों को राज्य की विकास यात्रा, निवेश अवसरों और ज्ञान–साझाकरण की पहलों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

———————————————————————

राज्य में शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश, सीएल के साथ–साथ महिलाओं के विशेष आकस्मिक अवकाश, एसएल के आवेदन पर अधिकारी एक दिन में निर्णय लेंगे। अन्य अवकाशों के आवेदन पर सात दिनों में निर्णय लिया जायेगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों, प्रधान

शिक्षकों, सहायक शिक्षकों, विशेष शिक्षकों और विद्यालय अध्यापकों के अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया के लिए नये दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

———————————————————————

कटिहार सदर अस्पताल में डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डीएनबी पाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी। सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने सदर अस्पताल के स्त्री और प्रसूति रोग विभाग में डीएनबी की दो सीटों को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत दो मेडिकल स्नातक के छात्र यहां दाखिला लेकर विशेषज्ञ चिकित्सक बनने की दिशा में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। श्री सिंह ने बताया कि दिसंबर माह से इस पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडरों की वार्षिक सीमा नौ से घटाकर चार कर दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रवीण मन खनूजा ने बताया कि वर्ष दो हजार सोलह में शुरू की गयी इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रत्येक वर्ष बारह रसोई गैस सिलेंडर दिये जा रहे थे। उन्होंने कहा कि संशोधित सीमा लाभार्थियों की औसत वार्षिक गैस खपत के करीब है।

———————————————————————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने मुंगेर में आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। श्री भागवत ने बौद्धिक सत्र के दौरान कार्यक्रर्ताओं का मार्गदर्शन भी किया।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने सीवान और गोपालगंज जिले के एक सौ अठारह प्रखंड और पंचायत शिक्षकों को राहत देते हुये उन्हें सेवा से हटाने के निर्देश पर रोक लगा दी है। इन शिक्षकों में सीवान के तेरासी और गोपालगंज के पैंतीस शिक्षक शामिल हैं। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने इन शिक्षकों के नियोजन को निरस्त करते हुये उन्हें सेवा से हटाने का निर्देश दिया था।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के सिद्धांतों के आधार पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस दौरान सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण तथा सशक्तिकरण के लिए कई प्रमुख योजनाएं शुरू कीं। आकाशवाणी समाचार सरकार के पिछले बारह वर्षों के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में किए गए

प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज के इस विशेष कार्यक्रम में हम स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा करेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

–––साउंड बाईट–––

————————————————————————

प्रदेश में तेज गर्मी और उमस से जन जीवन प्रभावित है। अधिकतर स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। बक्सर का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव सात, कैमूर के भभुआ का बयालीस दशमलव चार, गयाजी का इकतालीस दशमलव चार और पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई भागों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की सम्भावना जतायी है। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार में कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

–––साउंड बाईट–––

————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रेवासी पंचायत के धनुषी टोला में कल देर रात एक  पीपल का पेड़ गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। घटना के वक्त पूरा परिवार घर में सो रहा था। हादसे में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हैं।

————————————————————————

कटिहार जिले कुरसेला थाना क्षेत्र में कटरिया पीकेट के पास पुलिस ने गैस की अवैध रिफिलिंग तथा कालाबाजारी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया के पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के मामले में चौदह पुलिस पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया। जबकि  छब्बीस अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिला के सुगौली स्थित एचपीसीएल बायोफ्यूल लि. इकाई–के आरक्षित क्षेत्र में क्षेत्रीय विकास परिषद की ओर से  गन्ना ग्राम गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

————————————————————————

पटना जिले की एक अदालत ने डकैती के मामले में छह दोषियों को सात–सात वर्ष सश्रम कारावास के साथ पांच–पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की खबर है – विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं बनाने पर राजद नेता शिवचंद्र ने पार्टी पद से दिया इस्तीफा।

दैनिक जागरण नीट यूजी पुनर्परीक्षा पर लिखता है – इस बार वायु सेना और डाक विभाग पहुंचायेंगे प्रश्न पत्र।

दैनिक भास्कर की खास खबर है – सीबीएसई आंसर शीट मांगने वाले हर दस में चार छात्र, कॉपी जंचवा रहे।

प्रभात खबर ने खेल की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है – भारत की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत। तीसरे दिन ही अफगानिस्तान का सरेंडर, पारी और तीन सौ रन से गंवाया मैच।

आज अखबार की सुर्खी है– सासामुसा शुगर मिल फिर से चालू होगी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विकसित भारत जी राम जी योजना बिहार–दो हजार छब्बीस प्रदेश में एक जुलाई से लागू होगी। राज्य मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी।

02. लोकभवन ने नये डिग्री महाविद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की बहाली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी।

03. वैश्विक बिहारी समुदाय को निवेश और नवाचार से जोड़ने के लिए विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म की आज होगी शुरूआत।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में तेज गर्मी और उमस से जन जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में और बढ़ेगी गर्मी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।